# शारदीय नवरात्र, घर-घर और मंदिरों में घट स्थापना के साथ हुई शक्ति की उपासना

**बीकानेर,(कासं)।** शक्ति की उपासना का पर्व शारदीय नवरात्र गुरूवार से प्रारंभ हुए। घरों और मंदिरों में घट स्थापना के साथ नौ दिवसीय नवरात्र पूजन-अनुष्ठान की शुरूआत हुई।

नवरात्र के नौ दिनों तक देवी प्रतिमाओं का अभिषेक, पूजन, श्रृंगार, आरती की जायेगी। देवी पाठ और मंत्र जाप के अनुष्ठान होंगे। नवरात्र में देवी के नौ स्वरूपों की पूजा अर्चना की जायेगी। मंदिरों में नौ दिनों तक देवी प्रतिमाओं के दर्शन, पूजन का क्रम चलेगा। घर-घर में स्थापित देवी प्रतिमाओं का अभिषेक-पूजन कर नवरात्र पूजन अनुष्ठान की शुरूआत की जायेगी। नवरात्र को लेकर शहर के देवी मंदिर रंग बिरंगी रोशनी से सज गए है। अलसुबह से दर्शन-पूजन का क्रम प्रारंभ हुआ। अनेक देवी मंदिरों में भजन, कीर्तन और रात्रि जागरण के भी आयोजन हुए।

नवरात्र में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संख्या को देखते हुए मंदिरों में व्यापक व्यवस्थाएं की गई। मंदिर ट्रस्ट, समितियां, पुजारी और श्रद्धालु तैयारियों में जुटे।

प्रथम नवरात्र से शहर के देवी मंदिरों में दर्शन पूजन का क्रम प्रारंभ हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिरों में दर्शनार्थ पहुंचे। नागणेचीजी मंदिर, आशापुरा मंदिर, गायत्री मंदिर, राज राजेश्वरी, त्रिपुर बाला सुंदरी मंदिर, मां सच्चियाय ओसिया मंदिर, मां इन्द्राक्षी मंदिर, काली माता मंदिर, मां लटियाल मंदिर, दुर्गा मंदिर, चामुण्डा माता मंदिर, वैष्णोधाम, विजय भवन देवी मंदिर, जूनागढ़ देवी मंदिर, सूरसागर के पास स्थित करणी माता मंदिर सहित सभी देवी मंदिरों में दर्शन-पूजन का क्रम चला। शारदीय नवरात्र में दुर्गा पूजा महोत्सव के भी आयोजन होंगे।

गली-मोहल्लों और सार्वजनिक स्थलों पर दुर्गा प्रतिमाओं को स्थापित कर उनकी पूजा-अर्चना की जायेगी। पंडालों में धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। डांडिया व गरबा नृत्य होंगे। देवी पाठ और मंत्र जाप होंगे। पूजन उत्सव की पूर्णाहुति पर पंडालों में पूजित देवी प्रतिमाओं का जल में विसर्जन किया जायेगा। बंगाली मंदिर में बंगाल की परंपरा अनुसार दुर्गा पूजा महोत्सव का आयोजन होगा। शारदीय नवरात्र के



बीकानेर के नागणेचीजी मंदिर में शारदीय नवरात्र पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

पहले दिन करणी माता के मंदिर में धोक लगाने और दर्शनों के लिए पैदल यात्रियों की रवानगी का क्रम प्रारंभ हुआ। हाथों में ध्वजा लिए और नाचते-गाते श्रद्धालु देशनोक करणी माता पहुंचे।

शहर के विभिन्न क्षेत्रों से पैदल

- **प्रथम नवरात्र से शहर के देवी मंदिरों में दर्शन पूजन का क्रम प्रारंभ हुआ**
- **बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिरों में दर्शनार्थ पहुंचे**

यात्रियों की रवानगी का क्रम रात तक जारी है। बच्चों से बुजुर्गों तक व बालिकाएं व महिलाएं पैदल यात्रा कर देशनोक पहुंचे। गोगागेट से नोखा रोड पर पद यात्रियों की रवानगी का क्रम दिनभर चलता रहा। वहीं पैदल मार्ग करणी माता के जयकारों से गूंजता रहा। जगह-जगह पैदल यात्रियों की सेवा के लिए जल, चाय, नाश्ता इत्यादि की सेवाएं उपलब्ध करवाई गई। वहीं करणी माता के ससुराल धाम साठिका के लिए भी पैदल यात्रियों की रवानगी दूसरे दिन भी जारी रही। लालगढ़ के रामपुरा बस्ती से रवाना होकर जयपुर रोड पर वैष्णो धाम मंदिर तक शांति धर्म यात्रा निकली।

## तपस्वियों का अभिनंदन समारोह 6 को

**बीकानेर, (कासं)।** सम्पूर्ण जैन समाज के तपस्वियों का सामूहिक तप अभिनन्दन समारोह तेरापंथ भवन गंगाशहर में 06 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे आयोजित किया जायेगा।

अध्यक्ष विनोद बाफना ने बताया कि समारोह में आठ एवं उससे अधिक की तपस्या करने वाले तपस्वीजनों का सामूहिक अभिनंदन किया जायेगा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेन्द्र जैन बद्धानी ने बताया कि जैन समाज के सभी घटक के तपस्वीजनों का एक ही मंच से अभिनंदन किया जायेगा। इस वर्ष लगभग 200 तपस्वियों का अभिनंदन किया जायेगा। जिससे सामाजिक समरूपता का वातावरण बनेगा।

इस आयोजन को लेकर जैन महासभा के कार्यालय में आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व अध्यक्ष चम्पकमल सुराणा, विजय कोचर, जैन लूणकरण छाजेड़, कन्हैयालाल बोथरा, अशोक श्रीमाल, रिद्धकरण सेठिया, चंचल बोथरा, विजय बाफना, दिलीप कातेला, शांतिलाल भूरा, संजय कोचर आदि अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे। बैठक में अनेक बिन्दुओं पर निर्णय लिया गया।

## सार-समाचार

### कैंसर पीड़ित बच्चों को उपहार बांटे



द संजीवनी लाइफ बियोन्ड की ओर से कैंसर पीड़ित बच्चों को कलर बुक, कलर्स, कैप, जुराबे व स्माइल बाल्स बांटे।

**बीकानेर, (कासं)।** कैंसर पीड़ितों के लिये काम कर रही द संजीवनी लाइफ बियोन्ड कैंसर की ओर से दान उत्सव का आगाज किया गया। जिसके पहले दिन कैंसर पीड़ित बच्चों को कलर बुक, कलर्स, कैप, जुराबे और स्माइल बाल्स बांटे गये। संस्थान के बीकानेर कॉडिनेटर अभिषेक जोशी ने बताया कि सप्ताह भर चलने वाले इस आयोजन में अनेक भामाशाह, दानदाता कैंसर पीड़ित बच्चों व बड़ों के साथ खुशियां बांटने के लिये अनेक सामग्री बांटेंगे। इसके अलावा कोई भी व्यक्ति अपनी ओर से ऐसे लोगों के लिये खिलौने, स्टेशनरी, कपड़े, सेनेटरी पैड, फ्रूट सहित अनेक आइटम डोनेट कर सकेंगे। जोशी ने बताया कि चार अक्टूबर को महिलाओं,पांच को अति गंभीर रोगियों, सात को ओपीडी में आने वाले मरीजों तथा आठ को न्यूट्रिशन किट महिलाओं को निःशुल्क दी जायेगी। संस्थान से की जा रही इस अनूठी पहल में समाजसेवी, स्वयंसेवी संस्थाएं, दानदाता के साथ साथ पत्रकार साथी भी अपनी भागीदारी निभायेंगे। जिसके तहत 5 अक्टूबर शनिवार को सुबह 11.30 बजे कैंसर हॉस्पीटल स्थित ध्यान कक्ष में वस्त्रों का वितरण किया जायेगा।

### रामदेवली मीणा का सम्मान किया



संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा रामदेवली मीणा का रेसटा ने सम्मान किया।

**बीकानेर, (कासं)।** शिक्षक संघ एलीमेंट्री सैकण्डरी टीचर एसोसिएशन (रेसटा) राजस्थान के द्वारा प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद के नेतृत्व में राजकीय उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थान (आईएएसई) की प्राचार्य व संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा राम देवली मीणा को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक मीणा ने कहा कि आप सभी सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाएं व उन्हें पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद,सांस्कृतिक आदि प्रतियोगिताओ में भी भाग लेकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें। साथ ही राज्य सरकार की योजनाओं से अधिक से अधिक संख्या में विद्यार्थियों को लाभांवित करवाएं। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद आदि मौजूद थे।

# रात्रि क्रिकेट मैच के दौरान हुए विवाद में युवक की मौत

**बीकानेर, (कासं)।** जिले के पूगल थाना इलाके में क्रिकेट मैच के दौरान दरी बिछाने सहित हुटिंग को लेकर हुए विवाद के बाद एक युवक पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन घायल को परिजन पीबीएम अस्पताल लेकर पहुंचे जहां आज उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

मृतक के परिजनों ने विभिन्न मांगों को लेकर मोर्चरी के आगे धरना लगा दिया है। मृतक के मामा रियाज अली ने बताया कि देर रात को पूगल के पद्मिनी स्टेडियम में क्रिकेट प्रतियोगिता चल रही थी। मृतक शखावत खां पुत्र अल्लाबख्श मैच देखने के लिए लिए गया था। जहां पर दरी बिछाने की बात पर उसकी कुछ युवकों से बहस हो गई। जिसके बाद दूसरे पक्ष के लोग वहां से निकल गए। कुछ देर बाद वे वापस लौटे और शखावत खां को गाड़ी में डालकर ले गए।

घटना का पता चलने पर परिजनों ने शखावत खां की खोज शुरू तो मैदान

- **दरी बिछाने की बात पर उसकी कुछ युवकों से बहस के बाद मारपीट हो गई थी**

के पास यासीन खां की ढाणी में वसाए खां, हाकिम, मुंसिफ, याकूब व कुछ अन्य लोग शखावत खां के साथ धारदार हथियारों से मारपीट कर रहे थे। परिजनों द्वारा उन्हें ललकारने पर वे लोग शखावत खां को अधमरा छोड़कर मौके से भाग गए।

परिजन गंभीर रूप से घायल शखावत खां को पीबीएम अस्पताल लेकर पहुंचे जहां आज उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इस मामले में मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी सहित अन्य मांगों को मृतक के परिजन मोर्चरी के आगे धरने पर बैठ गए हैं। परिजनों की मांग हैं कि इस मामले में मुख्य आरोपी वसाए खां को गिरफ्तार किया जाए। जांच किसी निष्पक्ष अधिकारी को दी जाए। साथ ही थानाधिकारी को बर्खास्त किया जाए। परिजनों ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाने से इंकार कर दिया है। वहीं इस मामले में पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मारपीट करने वाले आरोपियों की पहचान कर ली गई है। इस मामले में चार लोगों को दबोचा है।

**सड़क हादसे में मौत :** जिले के लूणकरनसर के महाजन गांव में आठ दिन पहले भूरदास स्वामी की पत्नी की मृत्यु हो गई थी। जिसकी अस्थियां को लेकर परिजन हरिद्वार गया हुआ था। आते समय रास्ते में कार अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे सवार मृतक की बेटी शारदा की मौत हो गई तथा कई घायल हो गये। घायलों को हनुमानगढ़ अस्पताल भेजा गया है। हनुमानगढ़ जिले में नोहर के पास कार पलटी है। मिली जानकारी के मुताबिक कार सवार महाजन से अपने परिजन की अस्थियां लेकर हरिद्वार गए थे। इसी दौरान बीच में हादसा हो गया। एक महिला की मौत हुई है। अलसुबह करीब पांच बजे ये हादसा हुआ है।

## शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम तय

**बीकानेर, (कासं)।** शिक्षा विभाग ने पहली बार अंतर जिला शैक्षिक भ्रमण का कार्यक्रम तय किया है। सरकारी स्कूलों में कक्षा सात एवं आठ के विद्यार्थियों को राजस्थान के ऐतिहासिक स्थलों से रूबरू कराया जायेगा।

इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को ऐतिहासिक, भौगोलिक, सांस्कृतिक, प्राकृतिक धरोहरों से परिचित कराना है, ताकि उनका मानसिक विकास हो सके। साथ ही वे उन ऐतिहासिक साक्ष्यों का प्रत्यक्ष साक्षात्कार भी कर पाएं, जिन्हें उन्होंने अब तक किताबों में ही पढ़ा-देखा है। अंतर जिला शैक्षिक भ्रमण के लिए प्रत्येक जिले के 24 विद्यार्थी जा सकेंगे।

इसमें 12 विद्यार्थी कक्षा सात के और इतने ही कक्षा आठ के होंगे। इसके अलावा जिला स्तर पर न्यूनतम 6 विद्यार्थियों की आरक्षित सूची भी तैयार की जायेगी ताकि मुख्य सूची में से कोई विद्यार्थी अपरिहार्य कारणों से भ्रमण पर नहीं चल सकें तो आरक्षित सूची में से छात्र का चयन किया जा सके। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों की कुछ प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जायेगी। इसमें भ्रमण आलेख, क्विज एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं शामिल है।

# मोहता रसायनशाला लेबर यूनियन का आंदोलन

**बीकानेर, (कासं)।** मोहता रसायनशाला लेबर यूनियन एटक बीकानेर ने आज सर्किट हाउस के सामने स्थित गांधी पार्क में बापू महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने अपनी 19 सूत्री मांग पत्र पर ध्यान आकर्षण के लिए मौन उपवास यूनियन के अध्यक्ष प्रभात कुमार गज्जानी और महासचिव अब्दुल रहमान कोहरी के नेतृत्व में शुरू किया।

यूनियन के महासचिव अब्दुल रहमान कोहरी ने पूर्व मंत्री गोविन्द राम मेघवाल को अवगत करवाया कि यूनियन द्वारा मोहता रसायन शाला प्रबंधन को दिए मांग पत्र पर कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया जा रहा है। यूनियन लम्बे समय से है। प्रबंधन के हठधर्मिता पूर्वक रवैया को अपनाने के कारण आंदोलनरत है। इस पर पूर्व मंत्री गोविन्दराम मेघवाल ने आश्वासन दिया कि यूनियन कि जो मांगें है, उसे

- **गांधी पार्क में बापू की प्रतिमा के सामने अपनी 19 सूत्री मांग पत्र को लेकर उपवास**

पूरा कराने का पुरजोर प्रयास किया जायेगा। उन्होंने बताया कि मोहता रसायन शाला प्रदेश में ही नहीं बल्कि देश में आयुर्वेदिक दवा निर्माण एवं गुणवत्ता के लिए जानी जाती है। उसके श्रमिकों ने दवा की गुणवत्ता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान करती है।

प्रबंधन इस गुणवत्ता को बनाए रखने के श्रमिक प्रयासों को आधुनिकरण के नाम पर चीन निर्मित मशीनों के जरिए दवा उत्पाद करना चाहती है। स्वदेशी और राष्ट्रीयता की बात आयुर्वेदिक क्षेत्र में भुलाई जा रही है।

## प्रतिभा सम्मान समारोह के लिए आवेदन मांगे

**बीकानेर, (कासं)।** डेहरू माता सेवा समिति द्वारा राष्ट्रीय स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह के आयोजन का आज गंगासिंह विश्वविद्यालय के पास नाल रोड़ पर स्थित डेहरूमाता मंदिर में पोस्टर विमोचन किया गया।

मीडिया प्रभारी उमेश पुरोहित ने बताया कि पोस्टर का विमोचन अध्यक्ष एडवोकेट पवन पुरोहित, संरक्षक रामेश्वर प्रसाद पुरोहित, सत्यनारायण पुरोहित ने किया। अध्यक्ष एडवोकेट पवन पुरोहित ने बताया समिति द्वारा पुरोहित, भादानी, सारस्वत ओझा समाज के प्रतिभावान बच्चों का सम्मान किया जायेगा।

कार्यक्रम समन्वयक भंवर पुरोहित ने बताया कि समिति के द्वारा किए जा रहे इस कार्यक्रम मे समाज के सभी बन्धुओं को जोड़ा जायेगा। इस सम्मान समारोह के लिए आवेदन फॉर्म ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों प्रारूपों मे उपलब्ध रहेंगे। ऑफलाइन फॉर्म सूरदासानी बगेची और डेहरू माता मंदिर, नाल रोड़ पर उपलब्ध रहेंगे।

# कपिल मुनि मंदिर के सौंदर्यकरण पर चर्चा

**बीकानेर, (कासं)।** राजस्थान धरोहर संरक्षण एवं प्रोन्नति प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत ने कोलायत में कपिल मुनि मंदिर के सौंदर्यकरण कार्य एवं पैनोरमा निर्माण के संबंध में जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों के साथ चर्चा की।

इस दौरान कोलायत विधायक अंशुमान सिंह भाटी, राजस्थान राज्य अभिलेखागार निदेशक डॉ. नितिन गोयल एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थिति रहे। लखावत ने कपिल मुनि मंदिर परिसर के संबंध में दस्तावेज सहित पूर्ण विवरण प्राधिकरण को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने पैनोरमा निर्माण के संबंध में स्थान निर्धारण करने सहित अन्य बिन्दुओं पर चर्चा की।

कोलायत विधायक अंशुमान सिंह भाटी ने इसके लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया। उन्होंने कहा कि बजट घोषणा के साथ ही इनकी क्रियान्विति की दिशा में उल्लेखनीय कार्य हो रहे हैं। पैनोरमा की कार्य की योजना तैयार करने की जा

- **राजस्थान धरोहर संरक्षण एवं प्रोन्नति प्राधिकरण के अध्यक्ष कोलायत के दौरे पर रहे**

रही है। इससे आमजन को कोलायत के महत्व की जानकारी हो सकेगी।

अभिलेखागार निदेशक डॉ. नितिन गोयल ने इस स्थल के विषय में राजकीय तथ्यों के बारे में बताया। कोलायत निवासी नेमीचंद पंचारिया ने पदम पुराण और गीता से मंदिर से संबंधों के बारे में बताया। वहीं अन्य पौराणिक पुस्तकों के संदर्भ में तीर्थ स्थान कपिल मुनि मंदिर और सरोवर के पौराणिक महत्व के बारे में बताया। प्राधिकरण अध्यक्ष लखावत तथा कोलायत विधायक भाटी ने चानी स्थित नामदेव महाराज की बावड़ी का भी अवलोकन किया।

## पैदल यात्रियों के लिए लगाया सेवा शिविर

**बीकानेर, (कासं)।** रामलाल सूरजदेवी रांका चैरिटेबल ट्रस्ट, रसरसना परिवार, पूनमचन्द झंवरी देवी कच्छावा चैरिटेबल ट्रस्ट, लूणकरण सरोज देवी सामसुखा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा मां करणी के भक्तों के लिए जल, चाय व अल्पाहार की सेवा रखी गई।

भाजपा के पवन महनोत ने बताया कि पूर्व यूआईटी चेयरमैन महावीर रांका ने शिविर में मां करणी की आरती कर प्रसाद का भोग लगाया। महनोत ने बताया कि तपती धूप में भी दिनभर सेवादारों का उत्साह सराहनीय रहा। वहीं श्रद्धालुओं को जल-चाय व अल्पाहार की सेवा से स्फूर्ति भी मिली। पूर्व यूआईटी चेयरमैन महावीर रांका ने बताया कि नवरात्रा से पहले अमावस्या के दिन हजारों-लाखों पदयात्री देशनोक मां करणी के दरबार में धोक लगाने पहुंचते हैं।

पदयात्रियों की सेवार्थ दो अक्टूबर को नोखा रोड स्थित दुर्गा पंजाबी होटल से एक किमी आगे सेवा शिविर लगाया गया।

# गोपेश्वर मंदिर परिसर में निर्माणाधीन टंकी का जायजा लिया

**बीकानेर, (कासं)।** बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास गोपेश्वर मंदिर परिसर में शहरी वृहद पेयजल परियोजना के तहत निर्माणाधीन पानी की टंकी का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर व्यास ने बताया कि टंकी का राफ्ट भरकर फर्स्ट ब्रेसिंग तक का कार्य पूर्ण हो गया है। उन्होंने कहा कि शेष कार्य जल्दी से जल्दी पूर्ण किया जाए, जिससे आगामी गर्मी के मौसम में स्थानीय नागरिकों को पर्याप्त पेयजल मिल सके।

उन्होंने कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 800 किलोलीटर पानी की टंकी के निर्माण से 50 हजार से अधिक जनसंख्या को पर्याप्त पेयजल मिलेगा।

इससे लक्ष्मीनाथ मंदिर, गंगाशहर और जेलवेल सब डिविजन के अंतिम




बीकानेर ( पश्चिम ) विधायक जेठानंद व्यास ने गोपेश्वर मंदिर परिसर में निर्माणाधीन टंकी का निरीक्षण किया।

छोर के क्षेत्रों गोगागेट, लाल गुफा, हमालों की बारी, चौपड़ा स्कूल, जेलवेल आदि क्षेत्र के लोगों को पूरे प्रेशर से पानी मिलेगा। भीषण गर्मी के दौर में होने वाली समस्या का स्थाई समाधान होगा। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में

- **800 किलोलीटर पानी की टंकी के निर्माण से 50 हजार से अधिक जनसंख्या को पर्याप्त पेयजल मिलेगा**

आधारभूत सुविधाओं का विकास राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। प्रत्येक निर्माण कार्य की नियमित मॉनिटरिंग की जायेगी, जिससे स्थानीय लोगों को इनका समयबद्ध लाभ मिल सके।

इस दौरान राजाराम सीगड़, रामदयाल पंचारिया, विजय बाफना, शिवकुमार बछ, दिलीप जोशी, शुभम सुराणा और नरेन्द्र आचार्य आदि मौजूद थे।



# विज्ञान के युग में बुद्धि, विचार व कर्म में परिवर्तन कुम्भ से ही संभव : विमर्शानंद गिरी

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय बीकानेर एवं महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय बीकानेर के संयुक्त तत्वावधान में इंडिया थिंक काउंसिल की पहल पर गुरूवार को महाकुंभ-2025 पर चर्चा के लिए गोलमेज सम्मेलन का आयोजन किया गया।

सम्मेलन के मुख्य अतिथि पूज्य स्वामी विमर्शानन्दगिरी महाराज, अधिष्ठाता, लालेश्वर महादेव ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि संसार में मनुष्यता सबसे श्रेष्ठ है और मनुष्यता को उजागर करने का माध्यम कुम्भ है। विज्ञान के युग में बुद्धि, विचार व कर्म में परिवर्तन कुम्भ से ही संभव है। उन्होंने कहा कि यदि व्यक्ति में सरलता है, भारतीयता है और अध्यातम है तभी कुम्भ में जाना सार्थक है।

कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित ने कहा कि महाकुम्भ में 40 करोड़ लोगों की भागीदारी रहती है। महाकुम्भ का प्रबन्धन किसी व्यक्ति विशेष के बस की नहीं है बल्कि ईश्वरीय प्रबन्धन है। महाकुम्भ विश्वास व आस्था का केन्द्र है। कुलपति ने आव्हान किया कि खगोलीय, ज्योतिषीय, सांस्कृतिक और भौतिक दृष्टि से इस महाकुम्भ का आनन्द लें। क्योंकि विज्ञान व विश्वास में कोई अन्तर भेद नहीं है। देखने, दर्शन, प्रतिभाग और भोगने की पूर्णता ही कुम्भ है और इसमें सहभागी बनने की जरूरत है।



राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय बीकानेर में महाकुम्भ-2025 के परिपेक्ष्य पर गोलमेज सम्मेलन को स्वामी विमर्शानंद महाराज ने संबोधित किया।

कार्यक्रम के दौरान प्रो. अरूण कुमार, कुलपति स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय ने कहा कि काशी विश्वनाथ, अयोध्या व महाकाल की तरह महाकुम्भ कॉरिडोर का भी निर्माण हो तथा इसके व्यापक रूप को गांव-गांव तक प्रचारित करने के लिए जनजागरण अभियान की जरूरत है। पुलिस महानिरीक्षक, बीकानेर ओमप्रकाश ने कहा कि महाकुम्भ सामाजिक व सांस्कृतिक चेतना का उत्कर्ष है। इसके वैज्ञानिक दृष्टिकोण के महत्व को महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों के युवा विद्यार्थियों को पहुंचाने की आवश्यकता है ताकि वे भारतीय संस्कृति से जुड़ सकें। इस अवसर पर प्रो. बी. एल. भादाणी, आचार्य राजेन्द्र जोशी, विजय खत्री, राजेन्द्र जोशी, हरीश बी. शर्मा, डॉ. मेघना शर्मा, डॉ. दुलीचन्द मीणा एवं अशोक मेहता द्वारा महाकुम्भ की पौराणिकता, आध्यामिक महत्व, सांस्कृतिक प्रदर्शन, आर्थिक प्रभाव और राजनीतिक एवं सामाजिक गतिशीलता जैसे मुदों पर महत्वपूर्ण परिचर्चा की गई। सौरभ पाण्डे, निदेशक इंडिया थिंक काउंसिल द्वारा महाकुंभ-2025 पर प्रकाश एवं विषय प्रवर्तन किया गया। आयोजन सचिव प्रो. राजेश कुमार धूड़िया ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के दौरान प्रो. हेमन्त दाधीच, प्रो. प्रवीण बिश्नोई, प्रो. उर्मिला पानू, प्रो. राहुल पाल, डॉ. सुनिता पारीक, डॉ. बि ल बिस्सा, डॉ. चन्द्रशेखर श्रीमाली, हिमांशु भाटी, कृतेश श्रीवास्तव, शिक्षणगण, विद्यार्थी एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

- इंडिया थिंक काउंसिल की पहल पर गुरूवार को महाकुंभ-2025 पर चर्चा के लिए गोलमेज सम्मेलन का आयोजन किया
- कुलपति ने आव्हान किया कि खगोलीय, ज्योतिषीय, सांस्कृतिक और भौतिक दृष्टि से इस महाकुम्भ का आनन्द लें, क्योंकि विज्ञान व विश्वास में कोई अन्तर भेद नहीं है

## राजपूत होनहार पुरस्कार समारोह 27 को

**बीकानेर,**(कासं)। अखिल भारतीय राजपूत विकास समिति नई दिल्ली के तत्वावधान में प्रति वर्ष की भांति सोलहवां राजपूत मेधावी छात्र-छात्रा मैरिट पुरस्कार-2024 आगामी 27 अक्टूबर को प्रातः 9 बजे महाराणा प्रताप भवन, चेतक चौक, केशवपुरम दिल्ली में आयोजित किया जायेगा।

समिति के राजस्थान प्रदेश प्रभारी मार्शल प्रहलाद सिंह ने बताया कि उन छात्र-छात्राओं को जिन्होंने कक्षा-10वीं एवं 12वीं की वर्ष 2023-24 परीक्षा में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए है। उनको इस कार्यकम में सम्मानित किया जायेगा। सम्मानित किये जाने वाले विद्यार्थियों का चयन प्राप्त आवेदन पत्रों में से अधिकतम अंक मैरिट आधार पर किया जायेगा।

चयनित विद्यार्थियों को इस कार्यकम में उपस्थित होने पर ही सम्मानित किया जायेगा। अनुपस्थित रहने पर किसी प्रकार का कोई सम्मान नहीं दिया जायेगा।

मार्शल ने बताया कि मैरिट पुरस्कार के अन्तर्गत छात्र-छात्रा को नकद पुरस्कार राशि, मैडल,प्रमाण-पत्र एवं रेलवे के द्वितीय साधारण शयनयान का आने-जाने का किराया टिकट प्रस्तुत करने पर दिया जायेगा। विद्यार्थी एवं उनके अभिभावकों के ठहरने एवं भोजन की व्यवस्था निःशुल्क समिति द्वारा की जायेगी। कार्यकम में भाग लेने के लिए वाट्सएप नम्बर 09782929333 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## सार-समाचार

### शिक्षक-शिक्षिकाएं सम्मानित



दुर्गा देवी व्यास फाउण्डेशन ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्मानित किया।

**बीकानेर,** (कासं)। दुर्गा देवी व्यास फाउण्डेशन का शिक्षा सेवी सम्मान समारोह बेसिक महाविद्यालय में आयोजित हुआ। इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले 20 से अधिक शिक्षकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष सुधीश शर्मा तथा विशिष्ठ अतिथि साहित्यकार मनमोहन यादव थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उद्योग और वाणिज्य केन्द्र की महाप्रबंधक मंजू नैण गोदारा ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शर्मा ने शिक्षा के महत्व, स्वच्छता और समाज में इसके प्रति जागरूकता के संबंध में विचार व्यक्त किए और बताया कि शिक्षा एवं स्वच्छता हमारे समाज के दो महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। समाज की वास्तविक उन्नति में दोनों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने दुर्गा देवी व्यास फाउण्डेशन द्वारा की गई इस पहल को सराहनीय बताया। विशिष्ट अतिथि यादव ने कहा कि शिक्षा जीवन के अंधकार और अज्ञानता को दूर कर समाज को प्रगति की राह पर अग्रसर करती है। उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा सम्मानित शिक्षक दूसरों के लिए प्रेरणा का कार्य करेंगे। अध्यक्षता करते हुए जिला उद्योग केंद्र प्रबंधक गोदारा ने भारतीय शिक्षा प्रणाली के इतिहास और इसमें आए बदलाव की चर्चा की। फाउंडेशन के संस्थापक रामजी व्यास ने आगंतुकों का आभार जताया और कहा कि संस्था द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण, महिला सशक्तिकरण और आपदा राहत के क्षेत्रों में विभिन्न कार्य किए हैं। उन्होंने अब तक आयोजित गतिविधियों के बारे में बताया।

### बच्चों को भोजन कराया



ऋषभ सुराणा की पुण्यतिथि पर आजाद बस्ती में असहायों को भोजन कराया।

**बीकानेर,** (कासं)। महावीर इंटरनेशनल बीकानेर केन्द्र की ओर से गुरूवार को चक गरबी, बीछवाल की आजाद बस्ती में रहने वाले परिवारों को दोपहर का भोजन कराया गया। केन्द्र अध्यक्ष वीर नरेन्द्र सुराणा के सौजन्य से ऋषभ सुराणा की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर आयोजित कार्यक्रम में आजाद बस्ती के गरीब परिवारों के करीब 700 बच्चों अन्य बड़े सदस्यों का केन्द्र के सदस्यों व अन्य कार्यकर्ताओं ने सामुदायिक भवन के प्रांगण में अपने हाथों से भोजन करवाया। कार्यक्रम में केन्द्र के अध्यक्ष वीर नरेन्द्र सुराणा के अलावा चम्पक मल सुराणा, पूर्व महापौर नारायण चौपड़ा, सुरेश गुप्ता, प्रवीण मित्तल, सिद्धार्थ सुराणा, संतोष बांठिया, संतोष जैन, आदि केंद्र सदस्यों के अलावा बड़ी संस्था में परिवारजन और अन्य गणमान्य वाले मौजूद थे।

### कबीर की वाणी गूंजी



कबीर यात्रा के उद्घाटन अवसर पर रविन्द्र रंगमंच ओपन थियेटर में कलाकारों ने समां बांधा।

**बीकानेर,** (कासं)। पायो जी मैंने रामरतन धन पायो...मारगिया बुहारु, पलड़ा बिछाऊ...गुरुजी रा दरसन पाया...सरीखी वाणियों की स्वर लहरियों से बुधवार को रवींद्र रंगमंच का ओपन थियेटर गूंजा उठा। अवसर था राजस्थान कबीर यात्रा के उद्घाटन का। जिला प्रशासन के सहयोग से मलंग फोक फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित हो रही राजस्थान कबीर यात्रा में कलाकारों ने बेहतरीन, पारम्परिक और सूफी संतों के भजनों की मधुर प्रस्तुतियां दी। कलाकारों ने माहौल को कबीरमय बना दिया। कबीर वाणी को सुनने आए सैकड़ों श्रोताओं ने तालियां बजाकर कलाकारों की हौसला हफजाई की। निदेशक गोपाल सिंह के अनुसार रविन्द्र रंगमंच के ओपन थिएटर में हुए कार्यक्रम का आगाज जैसलमेर से आये हमीरा ग्रुप ने किया। गायक भलुराम ने कबीर के भजनों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# मुनि रतन सागर मास खमण तपस्या की अनुमोदना

**बीकानेर,** (कासं)। जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ के जैनाचार्य जिन पीयूष सागर सूरीश्वर के सानिध्य में मास खमण के तपस्वी मुनि सत्व रतन सागर की शोभायात्रा निकली, अभिनंदन किया गया। दो दिवसीय ट्रस्टी अधिवेशन संपन्न हुआ। आचार्य 4 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक मौन रहकर एकांत में सूरी मंत्र साधना करेंगे।

- जैनाचार्य 4 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक मौन रहकर एकांत में सूरी मंत्र साधना करेंगे

सुगन जी महाराज का उपासरा ट्रस्ट एवं जिनेश्वर युवक परिषद के संयुक्त तत्वावधान में गाजे बाजे से निकली शोभायात्रा में मुनि सत्व रत्न सागर को पालकी में बिठाया गया। श्रावक पालकी को उठाएं हुए देव, गुरु व धर्म नारे लगा रहे थे। श्राविकाएं तपस्या के अनुमोदनार्थ गीत गा रही थी। चतुर्विद संघ के साथ निकली शोभायात्रा रांगड़ी चौक सुगनजी महाराज का उपासरा, नाहटा चौक के आदिश्वर मंदिर, भुजिया बाजार के भगवान आदिनाथ चिंतामणि मंदिर, भगवान महावीर स्वामी मंदिर, कोचरों का चौक आदि मार्गों से होते हुए प्रवचन पंडाल पहुंची। शोभायात्रा में मुनि सत्व रत्न की सांसारिक माता मटकादेवी, ,भाई, दिनेश छाजेड़, बहिन राजुल-राकेश डोसी सहित अनेक परिवार के सदस्य, प्रदेश व जिले के विभिन्न स्थानों से आए ट्रस्टी तथा बड़ी संख्या में बीकानेर के श्रावक-श्राविकाओं ने भागीदारी निभाई।

सुगनजी महाराज का उपासरा ट्रस्ट के मंत्री रतन लाल नाहटा, जिनेश्वर युवक परिषद के संरक्षक पवन पारख, मनु मुसरफ, अध्यक्ष संदीप मुसरफ, मंत्री मनीष नाहटा, माल चंद बेगानी आदि ने बीकानेर के खरतरगच्छ के इतिहास में पहली बार मास खमण की तपस्या करने वाले मुनि को परमात्मा की प्रतिमा भेंट कर अभिनंदन किया। अपने अभिनंदन पर मुनि सत्व रत्न सागर ने कहा कि देव, गुरु व धर्म आलम्बन, गुरु व मुनिवृंद की प्रेरणा से वे तपस्या कर पाए है। जैनाचार्य जिन पीयूष सागर सूरीश्वरजी ने धर्म चर्चा में कहा कि जैन धर्म के प्रमुख आगम दशवैकालिक सूत्र में दान,शील व तप की महिमा बताई गई है। मुनि सत्व रत्न सागर ने दृढ आत्मबल, संकल्प बल व देव-गुरु की आज्ञा को शिरोधार्य कर आत्मबल के शौर्य व सत्व (ताकत) से तपस्या की है। मुनिश्री का तप की अनुमोदना के साथ अनुगमन करने योग्य है।

मुनि की तप से प्रेरणा लेकर कोई नियम लेकर रात्रि भोजन आदि त्याग का संकल्प लें तथा जिन शासन के बताए मार्ग पर चलें। बीकानेर के मुनि सम्यक रत्न सागर ने कहा कि देह व मन दोनों से तपस्याएं की है। देह की तपस्या सोमवार को पारणे के साथ संपन्न हो जाएगी लेकिन मन की तपस्या सजगता के साथ जारी रखते हुए आत्मा के गुणों पर रहे आवरण को हटाते हुए आत्म परमात्म तत्व की प्राप्ति की ओर बढ़ना है। मुनि शाश्वत रतन सागर , मुनि श्लोक सागर, जयपुर के अनूप चंद, पारख, जोधपुर के अधिवक्ता सुनील डागा ने भी भावों को प्रकट करते हुए मुनिश्री के तप की अनुमोदना की।

## केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री कल आयेंगे

**बीकानेर,** (कासं)। केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी 5 अक्टूबर को प्रातः 10.45 बजे नाल एयरपोर्ट पहुंचेंगे। चौधरी शनिवार को ही राजकीय सीनियर सैकण्डरी स्कूल बीएसएफ और गांधी इंस्टीट्यूशनल फॉरेस्ट डूंगर कॉलेज का निरीक्षण करेंगे।

वे चौधरी चरण सिंह गर्ल्स हॉस्टल का निरीक्षण करेंगे और यहां विद्यार्थियों से संवाद करेंगे। वेटरनरी विश्वविद्यालय और डाबला तालाब पर जनसभा में शिरकत करेंगे। कतरियासर में जसनाथ जी के मेले में शिरकत करेंगे। चौधरी रात्रि विश्राम बीकानेर में करेंगे। केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी रविवार प्रातः 9 बजे बीकानेर से प्रस्थान कर मुक्तिधाम मुकाम जायेंगे। यहां से प्रातः 11:30 बजे नागौर के लिए प्रस्थान करेंगे।

वहीं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर शुक्रवार सायं 6 बजे बीकानेर पहुंचेंगे और रात्रि विश्राम बीकानेर में करेंगे। दिलावर शनिवार को केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी के साथ विभिन्न कार्यक्रमों में मौजूद रहेंगे। शनिवार सायं 5 बजे बीकानेर से कोटा प्रस्थान करेंगे।

# प्रश्न मंच में दिखा उत्साह, सही जवाब देने वालों को मिला पुरस्कार

**झुंझुनूं,** (निसं)। अग्रसेन जयंती महोत्सव के दौरान बुधवार को रात्रि सात बजे से समाज के सभी वर्गों के लिए प्रश्न मंच का आयोजन मुख्य अतिथि विभा खेतान संयुक्त रजिस्ट्रार कोऑपरेटिव झुंझुनूं एवं चुरू एवं कार्यक्रम अध्यक्ष महाराजा अग्रसेन शिक्षण एवं जन कल्याण ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं सचिव श्रवण केजड़ीवाल, प्रश्न मंच कार्यक्रम के प्रायोजक राजकुमार सिंघानिया एवं अग्र प्रसाद के प्रायोजक नवीन केजड़ीवाल के सानिध्य में संयोजक गौरव तुलस्यान एवं अमन अग्रवाल के संयोजन में राजकुमार विनोद कुमार सिंघानिया फर्म श्री श्याम टैक्सटाइल के सौजन्य से किया गया।

प्रश्न मंच कार्यक्रम का सुंदर संचालन कर रहे रहे हरिश तुलस्यान द्वारा सभी तरह के ज्ञानवर्धक विषयों पर पूछे गए 50 प्रश्नों के सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। प्रश्न मंच के पश्चात रात्रि में अठा प्रसाद का आयोजन संयोजक अशोक तुलस्यान के संयोजन में प्रायोजक ममता नवीन केजड़ीवाल परिवार के सौजन्य से किया गया। प्रश्न मंच कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों, प्रायोजकों एवं समिति अध्यक्ष संपत चुड़ैलेवाला एवं सचिव शिवचरण हलवाई द्वारा महाराजा अठासेन जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। अतिथियों एवं प्रायोजको का स्वागत समिति की ओर से माल्यार्पण के साथ कर उन्हें प्रतीक चिह्न भेंट किए गए। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष संपत्त चुड़ैलेवाला, मंत्री शिवचरण हलवाई, कोषाध्यक्ष राजेश केजड़ीवाल, मुख्य संयोजक रघुनाथ पोद्दार, उप मंत्री अनिल केजड़ीवाल, डॉ. डीएन तुलस्यान, अजीत राणासरिया, गौरव तुलस्यान, अमन अठावाल, अशोक तुलस्यान, विनोद कुमार सिंघानिया, रितेश सिंघानिया, विशाल सिंघानिया, तन्मय तुलस्यान, नवल खंडेलिया, दिनेशचंद्र अठावाल, कैलाशचंद्र सिंघानिया सहित बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# खेतड़ी को जिला बनाने की मांग

**खेतड़ी**, (निस)। खेतड़ी कस्बे के मुख्य बाजार स्थित रघुनाथ गौशाला परिसर में गुरुवार को खेतड़ी को जिला बनाने के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में खेतड़ी के लोगों ने खेतड़ी को जिला बनाने के लिए फिर से हुंकार भरी। इस दौरान बैठक में सभी ने एक राय होकर जिला बनाने के लिए आंदोलन को तेज करने पर जोर दिया।

बैठक में धर्मेंद्र सिंह तोमर ने कहा किखेतड़ी कोजिलानहींबनाए जाने से क्षेत्र के लोगों के लिए व्यापार में भी काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं आवश्यक संसाधनों का अभाव होने से खेतड़ी लगातार विकास की गति में पिछड़ रहा है। खेतड़ी वर्तमान समय मेंजिलाबनने की सभी शर्तें पूरी करने के बावजूद भी सरकार की ओर से अनदेखी की जा रही है। जब सरकार की ओर से नगर पालिका व उप तहसील जैसे क्षेत्रों कोजिलाबनादिया ऐसे में खेतड़ी कोजिलानहींबनाए जाने से खेतड़ी की जनता को गहरा आघात लगा हुआ है। ऐतिहासिक व भौगोलिक दृष्टि से देखा जाए तो खेतड़ी पूरे विश्व में अपनी एक अलग पहचान रखता है। खेतड़ी के राजा अजीत सिंह ने स्वामी विवेकानंद को शिकागो के धर्म सम्मेलन में भेज कर सनातन धर्म के प्रचार को लेकर महत्वपूर्ण कदम उठाया था।

## नगर निगम को मिला राज्य स्तरीय पुरस्कार

**बीकानेर,** (कासं)। पीएम स्वनिधि योजना में उत्कृष्ट प्रदर्शन परबीकानेर नगर निगम को मेजर सिटी कैटेगरी में राज्य स्तरीय पुरस्कार से नवाजा गया।

जयपुर में आयोजित समारोह में मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने किया डे एनयूएलएम प्रबंधक नीलू भाटी को यह पुरस्कार प्रदान किया। गौरतलब रहे कि नगर निगम की ओर से अब तक 9774 फुटकर विक्रेताओं को कुल 11.96 करोड़ का ऋण स्वीकृत किया गया। भाटी को यह पुरस्कार मिलने पर महापौर सुशीला कंवर ने अनुभाग कार्मिकों के कार्य की सराहना करते हुए बधाई दी।

# एन.एस.एस शिविर में प्लास्टिक के नुकसान की जानकारी दी

**बीकानेर,** (कासं)। सिस्टर निवेदिता कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से स्वच्छता पखवाडे के अंतर्गत किये जाने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

साथ ही महाविद्यालय परिसर तथा आस-पास के क्षेत्रों में स्वच्छता का संदेश देते हुए जनचेतना रैली का भी आयोजन किया गया। महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रभारी डॉ. श्यामा पुरोहित ने बताया कि प्लास्टिक के बैग किस प्रकार से भूमि, वायु और जल प्रदूषण को बढावा दे रहे है। प्लास्टिक एक नॉन बायोडिग्रेडेबल पदार्थ है। यह कई टुकडों में टूट जाता है और खराब होता है परन्तु मिट्टी में नहीं मिलता है जिससे पर्यावरण में सैकड़ों सालों तक बना रहता है।

इसका निस्तारण करना बहुत ही कठिन है। क्योंकि इसको जलाने पर भी कई प्रकार की जहरीली गैसें उत्पन्न होती है। इसलिए इसका उपचार यही है कि हम इसका उपयोग बंद कर कपडे के थैलों का उपयोग करें। इसी कड़ी में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रीतेश व्यास ने बताया कि समय-समय पर सरकार एवं अन्य संस्थानों द्वारा भी प्लास्टिक के उपयोग को बंद करने के लिए विभिन्न अभियान चालाए गए हैं। प्लास्टिक की थैलियों को जब्त कर नष्ट किया गया है। परन्तु इस समस्या का सही निस्तारण तब ही होगा जब हम स्वयं अपने द्वारा इन प्लास्टिक की थैलियों का अपने घर में उपयोग बंद करेंगे। हम स्वयं अपने आप से यह संकल्प लेंगे कि मैं प्लास्टिक का उपयोग किसी भी स्तर पर नहीं करूंगा और न ही करने दूंगा। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के स्टाफ एवं छात्राओं द्वारा आस-पास की बस्तियों में जाकर जनचेतना रैली को सफल बनाना होगा।

# समाज कल्याण सप्ताह के तहत मनाया केन्द्रीय जेल में बंदी सुधार दिवस

**बीकानेर,** (कासं)। समाज कल्याण सप्ताह के तहत गुरुवार को केन्द्रीय कारागृह में बंदी सुधार दिवस मनाया गया।

इस दौरान ब्रह्म गायत्री आश्रम के अधिष्ठाता श्री रामेश्वरानंद महाराज ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि परिस्थितिवश हुए अपराध की पुनरावृति नहीं करने का संकल्प लेकर बंदी भी नया जीवन शुरू कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि समय कभी समान नहीं रहता। यह प्रत्येक व्यक्ति को मुख्य धारा से जुड़ने का अवसर देता है।

इस अवसर पर भगवान महावीर विकलांग सेवा संस्थान के अनन्त वीर जैन, जेलर रामनिवास, सूरज सोनी, उप जेलर अचलाराम भाटी, बाल कल्याण समिति के पूर्व अध्यक्ष वाई. के. शर्मा योगी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एल. डी. पंवार, विनोद, सीए अशोक मूंधड़ा, डॉ. संजय गर्ग के अलावा बड़ी संख्या में बंदी उपस्थित रहे।



बीकानेर जेल में समाज कल्याण सप्ताह के तहत बंदी सुधार दिवस पर बंदियों से चर्चा करते रामेश्वरानंद महाराज।

इस दौरान बंदियों को खेल के लिए वॉलीबॉल नेट भेंट किए गए। केंद्रीय कारागृह के लिए दो व्हीलचेयर उपलब्ध करवाई गई। रामप्रताप हनुमान दास मुद्रा ट्रस्ट की ओर से बंदियों को फलाहार दिया गया। कार्यक्रम प्रभारी तथा समाज कल्याण अधिकारी नंद किशोर राजपुरोहित ने आगंतुकों का आभार जाता। बाल कल्याण सप्ताह के चौथे दिन बाल दिवस मनाया जायेगा। इस दौरान में बालकों के स्वास्थ्य की जांच करवाई जायेगी। इस दौरान खेलकूद, निबंध लेखन प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रश्नोत्तरी आदि का आयोजन किया जायेगा व पुरस्कार वितरण किया जायेगा।

- खेलकूद, निबंध लेखन प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी आदि का आयोजन किया जायेगा

वहीं राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष श्री एम. वेंकटेसन शुक्रवार रात्रि 9 बजे बीकानेर पहुंचेंगे और रात्रि विश्राम यहीं करेंगे। आयोग अध्यक्ष शनिवार को प्रातः 10 बजे सफाई कर्मचारी कॉलोनियों का निरीक्षण करेंगे। अपरान्ह 12 बजे नगर निगम आयुक्त एवं अधिकारियों के साथ बैठक लेंगे। इस दौरान सफाई कर्मचारी संघों के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।

# नशा पर कसा शिकंजा, 75 ग्राम स्मैक सहित तीन गिरफ्तार

**बीकानेर,** (कासं)। नयाशहर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन जनों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के पास से 75 ग्राम स्मैक बरामद की है।

फिलहाल पुलिस तीनों आरोपियों से मादक पदार्थ खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ करने में जुटी है। पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सिंह सागर ने बताया कि मुख्यालय से निर्देश मिले हुए हैं कि मादक पदार्थ, अवैध हथियार रखने तथा खरीद-फरोख्त करने वाले व वांछित अपराधियों की धरपकड़ की जाए। इसी के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक शर्मा के निर्देशन में सीओ सिटी श्रवणदास संत के नेतृत्व में तथा नयाशहर थानाधिकारी विक्रम तिवाड़ी के सुपरविजन में टीमों का गठन किया गया।

गठित टीमों ने थाना क्षेत्र में मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। आपराधिक घटनाओं में शामिल रहने वाले अपराधियों के संभावित ठिकानों पर लगातार गोपनीय नजरें रखी गई। बुधवार रात को गश्त के दौरान चौंखुटी पुल के नीचे तीन युवक संदिग्ध हालात में मिले। पुलिस ने तीनों से पूछताछ की तो उन्होंने अपने नाम अजयदेव पुत्र मोहनलाल, निवासी जिप्सम कॉलोनी, जामसर, सोनू पुत्र पापपुराम, निवासी नायकों का मोहल्ला, चौंखूटी और अकरम उर्फ विक्की पुत्र दिलीप मुस्लिम, सब्जी मंडी के पीछे, बीकानेर बताए। पुलिस ने इनकी तलाशी ली तो 75 ग्राम स्मैक बरामद की गई।



बीकानेर के नयाशहर थाना पुलिस ने 75 ग्राम स्मैक के साथ तीन जनों को गिरफ्तार किया।

